तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024




10 एक्सप्रेस ट्रेनों में नवंबर से चार जनरल कोच की...





11 रूपसिंग के जन्मदिन पर 75 लोगों ने किया रक्तदान



## खबर संक्षेप

### राजशाही दशहरा में शामिल होंगे अमितेश

**फिंगेश्वर।** प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश



शुक्ल राजशाही राजा दशहरा में 15 अक्टूबर को सम्मिलित होने शाम 6 बजे फिंगेश्वर रेस्ट हॉउस पहुंचेगें। रेस्ट हॉउस से सभी कार्यकर्त्ता साथियों के साथ राजा दशहरा में शामिल होंगे। यह जानकारी ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी टिकेश साहू ने दी।

### 6 निर्माण कार्यों के लिए 35 लाख रुपए स्वीकृत

**गरियाबंद।** बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव की अनुशंसा पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा विधायक निधी से 6 निर्माण कार्य के लिए 35 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत मौहाभाठा में कोसराम घर से खगेश भुंजिया घर तक सीसी रोड़ निर्माण के लिए 5 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत मदनपुर में बाजार में वर्क शेड निर्माण के लिए 10 लाख रूपये, ग्राम पंचायत लोहारी में चमार राय घर से काम घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम बारूला में प्रदीप यादव घर से शिव मंदिर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रूपये और जनपद पंचायत देवभोग अंतर्गत ग्राम पंचायत माड़ागांव में छोटी गुडी से बुडी मुडिया घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा गया है।

### प्राकृतिक आपदा के 3 प्रकरण में 12 लाख रुपए की राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 3 प्रकरण में मृतक के परिजनों को प्रत्येक प्रकरण में 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छुरा तहसील के ग्राम कुड़ेरादादर निवासी 35 वर्षीय पार्वती मांझी की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन हेमेश्वरी मांझी को 4 लाख रूपये स्वीकृत की गई है। इसी तरह छुरा तहसील के ही ग्राम मुढ़ीपानी निवासी 18 वर्षीय जगसिंग कमार का सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन बिसाहिन बाई को 4 लाख रूपये तथा देवभोग तहसील के ग्राम लदरा निवासी 06 वर्षीय कुमारी अमृता सोम की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन छबीराम सोम को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। पीड़ित परिजन को स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि के भुगतान की जिम्मेदारी जिला कार्यालय के जिला नाजरात शाखा के प्रभारी अधिकारी की होगी।

### शाही दशहरा में शामिल होंगे तिमिरेंदु शेखर

**फिंगेश्वर।** नगर में 15 अक्टूबर को मनाए जा रहे पारंपरिक शाही दशहरा कार्यक्रम में तिमिरेंदु शेखर सिंह कंवर समाज सेवी कार्यक्रम के मुख्यअतिथि के रूप में संध्या 7 बजे शामिल हो रहे हैं। तिमिरेंदु शेखर सिंह कंवर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दामाद हैं।

### जान से मारने की धमकी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी विजय पटेल प्रार्थी के दुकान में आकर उसके वृद्ध पिताजी को धमकाते हुए कहने लगा कि तेरे लड़के को समझा दे उसने मेरे खिलाफ थाना में रिपोर्ट किया है।

### समस्या : खजरायन नदी में बने स्टॉपडैम से किसानों को नहीं मिला लाभ, सैकड़ों एकड़ खेत हो रहे बर्बाद

# 50 लाख रुपए के स्टापडैम का नीचे का हिस्सा बारिश से बहा, विभाग झांकने तक नहीं पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अलग खबर

किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के उददेश्य से सिंचाई विभाग द्वारा खजरान नदी में लगभग 50 लाख रुपए की लागत से स्टाप डैम का निर्माण किया गया है। लेकिन 3-4 वर्ष पहले बारिश से इस लाखों के स्टाप डेम के नीचे का हिस्सा टूट कर बह गया और स्टाप डैम को भारी क्षति पहुंची है। साथ ही अगर जल्द ही स्टाप डैम में सुधार नहीं करवाया गया तो आने वाले दिनों में यह लाखों रुपए की लागत से बने स्टाप डैम बह जायेगा। जिसकी जानकारी क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा सिंचाई विभाग के अफसरों को लिखित में कई बार देने के बावजूद अब तक कोई भी अफसर या कर्मचारी क्षतिग्रस्त स्टाप डैम का निरीक्षण करने नहीं पहुंचे हैं, तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 8 किलोमीटर दूर तुहामेटा खजरान नदी में लगभग 50 लाख रुपए की लागत से सिंचाई विभाग द्वारा 10 वर्ष पहले स्टापडैम का निर्माण किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया है। लेकिन इस स्टापडैम का लाभ किसानों को नहीं मिला। बल्कि गलत जगह पर बगैर मापदंड के निर्माण किए गए स्टापडैम के चलते सैकड़ों एकड कृषि भूमि बर्बाद हो गई और हर वर्ष बारिश के पानी में कृषि भूमि का कटाव बढ़ता जा रहा है।

**गलत स्थान पर स्टापडैम निर्माण के बाद खेतों का कटाव बढ़ा**



**बड़े आमा नदी में बांध निर्माण के लिए किया जा चुका है सर्वे**

ग्रामीण अमृत नागेश, धनसाय कमार, मंगल सिंह कमार, कोमल सिंह, रामलाल ने बताया कि पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव गोधर्वन मांझी के प्रयास से खजरान नदी के ऊपर बड़े आमानदी में बांध निर्माण के लिए बजट में राशि स्वीकृत कर सर्वे का कार्य 8 वर्ष पहले पुरा किया जा चुका है लेकिन सर्वे के बाद इस दिशा में कोई पहल नहीं किया जा रहा है। किसानों ने बताया की बड़े आमा नदी में बाध निर्माण से लगभग 26 सौ हेक्टेयर खेतों में आसानी से सिचाई होगी और क्षेत्र के किसानों की समस्याओं का समाधान हो जायेगा। साथ ही यहां के किसानों ने खेत क्षति के साथ फसल क्षति मुआवजा की मांग किया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमृत लाल नागेश, कमार नेता पिलेश्वर सोरी ने कहा की इस मामले को लेकर जल्द ही छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से क्षेत्र के किसान मुलाकात करेगें और समस्याओं के समाधान के साथ ही बड़े आमा नदी में बांधा निर्माण की मांग किया जायेगा।

**सिंचाई विभाग ने मनमर्जी से किया निर्माण**

यहां के आदिवासी एवं विशेष पिछड़ी जनजाति कमार ग्रामीण किसान इस समस्या को लेकर कई बार सिंचाई विभाग के अफसरों से फरियाद लगा चुके हैं लेकिन संबंधित विभाग के अफसरों के कानों में जू तक नहीं रेग रही है। कटाव भूमि बढ़ता जा रहा है। किसान परेशान और




हताश हो गए हैं। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमृतमलाल नागेश, कमार नेता पिलेश्वर सोरी, बुधराम कमार, भगत राम कमार, श्यामलाल कमार ने बताया कि लाखों रुपए की लागत से जब खजरायन नदी में स्टॉप डैम का निर्माण किया जा रहा था उस समय पूरे ग्रामवासी उसे दूसरे उंचे स्थान पर निर्माण करने की मांग सिंचाई विभाग के अधिकारियों से किए थे लेकिन ग्रामीणों के इस मांग के तरफ सिंचाई विभाग ने ध्यान नहीं दिया अपनी मनमर्जी करते हुए स्टॉप डैम का निर्माण करवा डाला जिसका खामियाजा यहां के ग्रामीण व किसान भुगत रहे हैं। अब तक सैकड़ों एकड़ खेत जिसमें किसान खेती- किसानी करते थे उसे इस स्टॉप डैम के कारण नदीं में तब्दील होना पड़ गया है।

## जान जोखिम में डाल कर पढ़ाई कर रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के उदंती अभ्यारण के भीतर बसे ग्राम नागेश प्राथमिक शाला भवन की स्थिति बेहद जर्जर हो गई है। कवेलु वाला जर्जर स्कूल भवन में प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल की कक्षाए संचालित किया जा रहा है। कई बार ग्रामीणों ने इस जर्जर स्कूल भवन की सुधार करने की मांग शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कर चूके हैं लेकिन अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यहां लाखों रूपये की लागत से मिडिल स्कूल भवन का नया बिल्डिंग बन कर तैयार है लेकिन स्कूल भवन के




दरवाजे खिड़की सही नहीं होने के कारण अबतक नया स्कूल भवन में मिडिल स्कूल स्थानांतरित नहीं किया जा सका है। जर्जर कवेलु वाला प्रथमिक शाला भवन के बांस, बल्ली और फर्श उखड़ गया है साथ ही स्कूल में पेयजल व अन्य मूलभूत समस्या बनी हुई है।

## चौकसील पहाड़ी में शरद पूर्णिमा पर मेला 16 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के उदंती अभ्यारण के घने जंगल के अंदर मनोरम एवं धार्मिक स्थल पहाड़ी चौकसील में हर वर्ष दशहरा के शरद पूर्णिमा पर लगने वाला मेला का शुभारंभ मंगलवार को विधिविधान के साथ किया जायेगा। दोपहर 1 बजे चौकसील गढियामाता कुलेश्वरी माता एवं चार चौरासी गादीमात चौकसील पहाड़ के सभी देवी- देवताओं की पूजा अर्चना किया जाएगा। 4:30 से स्थानीय देवी देवताओं एवं अन्य क्षेत्रों से देवी- देवताओं का आगमन सभी देवताओं का स्थापना अतिथि के रूप में पधारे झांकर बैगा, पुजारी, सिरहा एवं अन्य अतिथियों का स्वागत रात्री 8 बजे से विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। एवं 16 अक्टूबर को शरद



पूर्णिमा को इस चौकसील पहाड़ी में मेला का आयोजन किया गया है। ज्ञात हो कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में यह पहला मेला है जो बगैर बिजली के शरद पूर्णिमा के चन्द्रमा की रौशनी में लगता है जिसमें हजारों की संख्या में छत्तीसगढ़ व ओड़िसा के लोग शामिल होने पहुंचते हैं। 16 अक्टूबर को सुबह से देवी देवताओं की पूजा अर्चना के साथ पुन्नी मेला का शुभारंभ किया जायेगा एवं दोपहर 12 बजे से आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखो का उद्बोधन तथा रात्रि 9 बजे से सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जनपद सदस्य दीपक मंडावी, अर्जून सिंह नायक ने बताया बारहपाली ग्राम पंचायत कोयबा, साहेबिनकछार, इंदागांव, तौरेंगा, जागड़, अमाड़, मोतीपानी, रक्सापथरा एवं देवगढ़ धाम बारहपाली समिति चौकसील द्वारा मेला को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

## अभनपुर-पांडुका मार्ग में गिट्टी बिछाकर छोड़ा, चालक हो रहे हादसे का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

अभनपुर से पांडुका तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें अनियमितता बरती जा रही है। वहीं बीच-बीच में गिट्टी बिछाकर उबड़-खाबड़ छोड़ दिया गया है। अभनपुर से नवापारा-कुर्रा के पहले तक चार से पांच जगह पेंच को नहीं बनाया गया है। इस संबंध में जानकारी देने संबंधित विभाग के अफसर मौन है। ठीक इसी तरह पांडुका के पहले तक दो-तीन प्वाइंट में गिट्टी बिछा दिया गया है लेकिन डामरीकरण नहीं किया जा रहा है। कई जगह सड़क को ब्रेकर की तरह निर्माण किया गया है जो गाड़ी चलाने वालों को दिखता नहीं और दुर्घटना के शिकार हो



जाते है। वहीं कहीं पर भी संकेतिक बोर्ड नहीं लगाया गया है।

## जिले में कौशल पखवाड़ा 30 तक

**गरियाबंद।** राज्य में संचालित केन्द्र तथा राज्य शासन की कौशल विकास योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री जन मन योजना, नल जल मित्र कार्यक्रम, आजीविका विकास कार्यक्रम, नियद नेल्लानार योजना के तहत हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सहायक संचालक कौशल विकास प्राधिकरण श्रीमती सृष्टि मिश्रा ने बताया कि कौशल प्रशिक्षण के लिए निर्धारित वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रगति लाने तथा ग्रामीण स्तर के युवाओं तक कौशल प्रशिक्षण की पहुँच बनाने के उद्देश्य से जिले में 30 अक्टूबर 2024 तक कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें कौशल प्रशिक्षण हेतु युवाओं को कांउसिलिंग कर कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सम्मिलित कराकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने का प्रयास किया जायेगा। कौशल पखवाड़ा में जिले के समस्त ब्लॉक में मोबलाईजेशन एवं काउंसिलिंग कैम्प आयोजित किया जायेगा। प्रत्येक ब्लॉक में अलग-अलग दिन 02 स्थानों में कैम्प आयोजित किया जायेगा। जिससे कि अधिक से अधिक ग्राम के युवा कैम्प में सम्मिलित हो सकें।

## टमाटर 100 रुपए किलो पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शहर में टमाटर ने लोगों को लाल कर रखा है। चार दिन पहले इसे 100 रूपए किलो में बेचा गया। टमाटर इस बार लोगों को रूला रहा है। कभी 90 हो जाता है तो कभी 80 और 70। बेचने वालों से पूछो तो वे साफ कह देते है कि ऊपर से ही रेट बढ़ा हुआ है तो हम कर ही क्या सकते है? कोई भी ऐसा सब्जी नहीं है जिसका रेट 10-20 रूपए हो। लाल भाजी तक का कीमत 40 रूपए किलो चल रहा है। बात यदि हरी मिर्च की करें तो ये भी 160 रूपए किलो में बेचा जा रहा है। इस बाजार की खासियत है कि घंटे-घंटे



■ हजार रुपए में झोला का भरना मुश्किल

में रेट बदलते रहता है। पसरा वाले देख लेते है कि कौन सा सब्जी उनके पास है जो मार्केट के किसी भी पसरे में नजर नहीं आ रहा है फिर तो दन से उसका रेट बढ़ा दिया जाता है। एक, भाजी ही ऐसा है जिसे खरीदा जा सकता है वह भी इस समय महंगाई के मार से ग्रसित है। फिर तो आलु, गोभी, भटा, सेमी, ढेस, भिंडी, चेच भाजी, करेला, कुंदरू,कोचई, कुम्हड़ा, लौकी के भाव पूछो ही मत। हजार रूपए तक में झोला का भरना मुश्किल काम हो गया है। पता नहीं सब्जी के भाव के ऊपर नियंत्रण कौन करेगा? राजिम मार्केट की बात करें तो यहां तो और ज्यादा अति है। बरमस्सी करेला का भाव 160 रूपए था। दूसरे दिन उसी करेला बेचने वाले के पास जाने पर वह भाव 200 रुपए बताया मतलब एक ही दिन में 40 रूपए बढ़ गया।

### कोसमखुंटा के ग्रामीणों को जल जीवन मिशन का मिल रहा लाभ

# जल जीवन मिशन : घर-घर पहुंचा नल-जल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

लोगों के घरों तक पीने के पानी पहुंचाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत घर-घर तक नल कनेक्शन पहुंचाकर पीने का पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे लोगों को सहुलियत हो रही है। साथ ही घर में ही पानी की सुविधा मिल रही है। जल जीवन मिशन के तहत गरियाबंद जिले में भी नल जल कनेक्शन देने के लिए गंभीरतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार मिशन के तहत कार्यो को तेजी से पूर्ण करते हुए लोगों को पानी की सुविधाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में जल जीवन मिशन के तहत



विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत कोसमखुंटा में 380 घरों को शुद्ध पेयजल मिल रहा है। ग्राम की भौगोलिक स्थिति को देखते हुय जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नल जल योजना अपनाया गया है। जिसमें एक पुरानी पानी की टंकी एवं एक नवीन पानी टंकी का निर्माण कर लोगों के घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। जिससे सारे ग्रामवासियों को घर पर ही स्वच्छ एवं उपयोगी पेयजल प्रतिदिन प्राप्त हो रहा है। ग्रामवासी जो पहले हैण्डपंप और सामुदायिक नल पर निर्भर हुआ करते थे अब अपने घरों में नल पाकर उत्साहित है। घर तक नल कनेक्शन देने के लिए ग्रामीणजन शासन का आभार भी जता रहे हैं। ग्रामवासी जल संरक्षण पर भी संवेदनशील हैं। गांव में घरों तक नल कनेक्शन पहुंचने की खुशी में ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों के साथ हर घर जल उत्सव उत्साह के साथ मनाया। इस दौरान ग्राम के जन प्रतिनिधि अनुसुईया ध्रुव, जाकिर भाई, सचिव कोमल साहू एवं ग्रामवासी सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से जिला समन्वयक भी मौजूद रहे।

## शोभा में जनसमस्या निवारण शिविर कल

**मैनपुर।** जिले के मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम शोभा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन बुधवार 16 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से किया जायेगा। यह शिविर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर शोभा में आयोजित किया जायेगा। शिविर में ग्राम शोभा सहित आसपास के गांवों के लोगों के मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जायेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में स्टॉल लगाकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने एवं आम लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये हैं।


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

# बूढ़ापारा धरनास्थल पर बना रहे वेंडिंग जोन, 12 वेंडरों को मिलेगा स्पेस, निर्माण पर ऐतराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम ने बूढ़ातालाब के सामने पुराने धरनास्थल और जब्बार नाला के पास वेंडिंग जोन बनाने ऑनलाइन टेंडर राघव एसोसिएट्स को इस कार्य के लिए अनुबंधित किया है। अनुबंधित एजेंसी इन दिनों पुराने धरनास्थल के पास वेंडिंग जोन बनाने के काम में जोर-शोर से जुट गई है। यहां पर 12 पंजीकृत वेंडरों को वेंडिंग जोन में स्पेस दिया जाएगा। 10 बाई 10 आकार के वेंडिंग कॉर्ट किराए पर दिए जाएंगे। इसका किराया अभी तय नहीं हुआ है। जोन-4 की वेंडिंग कमेटी इसका किराया तय करेगी। वहीं कचरा डंपिंग जोन के पास वेंडिंग जोन बनने से पहले ही इसका विरोध शुरू हो गया है।

राजधानी के सड़कों पर ठेले-गुमटियों में कारोबार करने वाले छोटे व्यापारियों के लिए नगर निगम शहर में दर्जनभर स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाने जा रहा है। इनमें से 2 स्थान बूढ़ापारा में पुराने धरनास्थल और मोवा इलाके में जब्बार नाले के पास वेंडिंग जोन बनाने एजेंसी तय की गई है। एजेंसी को 3 माह समय वेंडिंग जोन बनाने दिया गया है। संबंधित एजेंसी ने बूढ़ातालाब के सामने स्थित पुराने धरनास्थल पर वेंडिंग जोन बनाना शुरू दिया है। वेंडिंग जोन में 12 पंजीकृत वेंडरों को सुरक्षित रूप से आजीविका चलाने स्मार्ट वेंडिंग कॉर्ट किराये पर दिए जाएंगे। प्रति कॉर्ट एक लाख रुपए का खर्च अनुमानित है। अरविंद दीक्षित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन चंद्राकर ने कहा, बूढ़ातालाब के सामने पुराने धरनास्थल वाली जगह पर वेंडिंग जोन बनाने की कोई तुक नहीं है। कचरे की बदबू से लोगों का सांस लेना मुश्किल हो रहा है। इससे लोगों की सेहत प्रभावित होगी। वहां प्रॉपर पार्किंग स्पेस नहीं है, इसलिए लोग गाड़ियां सड़क पर खड़ी करेंगे, ऐसे में ट्रैफिक जाम की समस्या फिर से शुरू हो जाएगी।

## रायपुर स्मार्ट सिटी ने वेंडिंग जोन बनाने राघव एसोसिएट्स को दिया ठेका

### निर्माण से पहले विरोध के स्वर

सदर-विवेकानंद वार्ड पार्षद डॉ. सीमा-मुकेश कंदोई का कहना है, पहले वहां से नगर निगम एसएलआरएम सेंटर हटाए, बाद में वेंडिंग जोन बनाए, क्योंकि धरनास्थल के पास नगर निगम का कचरा डंपिग जोन बना है, जहां पर रोजाना 100 से अधिक गाड़ियां शहरभर का कूड़ा-करकट लेकर डंप करने आती हैं। ऐसी जगह पर वेंडिंग जोन बनाना जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ है। डंपिग जोन से उठने वाली बदबू इतनी ज्यादा रहती है कि कोई वहां बैठ भी नहीं सकता। वेंडिंग जोन के बाजू में खाने-पीने वालों के बैठने के लिए शेड बना रहे हैं, वहां बैठकर लोग खाना खाएंगे तो वायरस उड़कर सीधे खाद्य सामग्री में मिलेगा। इसलिए यहां वेंडिंग जोन का कोई औचित्य नहीं है। सभापति प्रमोद दुबे के कक्ष में जब वेंडिंग कमेटी की बैठक हुई, तब मैने इसका विरोध भी किया था।



## खबर संक्षेप



### कार्यकर्ताओं को बांटी साड़ी

**रायपुर।** महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड-43 के पार्षद जितेंद्र अग्रवाल का जन्मदिन उनके कार्यालय में समस्त कार्यकर्ताओं एवं वार्डवासियों ने केक काटकर मनाया। इस अवसर पर पार्षद ने सभी महिला कार्यकर्ताओं को भेंट स्वरूप साड़ी वितरित की। कार्यक्रम में वार्ड की सभी महिला कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

### बाबा सिद्दीकी ने छग में किया था कांग्रेस का प्रचार

**रायपुर ।** महाराष्ट्र के दिवंगत एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी का छत्तीसगढ़ रायपुर से भी सियासी नाता रहा है। विधानसभा चुनाव-2023 और लोकसभा चुनाव-2024 में उन्हें रायपुर की अहम जिम्मेदारी कांग्रेस ने सौंपी थी। रायपुर कांग्रेस प्रभारी बनाए जाने के बाद बाबा सिद्दीकी रायपुर से कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे, जहां चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। वे चुनाव के दौरान सितंबर और नवंबर में रायपुर आए थे। इस दौरे के दौरान स्थानीय नेताओं के साथ बैठक भी की थी। छत्तीसगढ़ मुंबई में महाराष्ट्र के राजनेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनको गोली लगने के बाद मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

## केंद्र से तीन टीमें आएंगी, एक साथ शहर में करेंगी सर्वे

# शहर में मुक्कड़ और सफाई की मैदानी कसरत देखने आ रही टीम, लेगी फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए केंद्रीय टीम अगले माह रायपुर आएगी। गारबेज फ्री सिटी यानी मुक्कड़ मुक्त शहर और खुले में शौच की प्रवृत्ति की धरातल पर जांच करने अलग-अलग टीमें सर्वे करने उतरेंगी। इसके अलावा वाटर प्लस श्रेणी के लिए सर्वे होगा, यानी 3 टीमें एक साथ शहर के अलग-अलग हिस्सों में जाकर शहर के सफाई की धरातल पर स्थिति का पता लगाएगी। इसमें पब्लिक फीडबैक शहर की सफाई का पैमाना तय करेगा। 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले देश के 4337 शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर यह प्रतिस्पर्धा है, जिसमें रायपुर शहर को टॉप टेन शहर में लाना निगम प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है।

केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के तीसरे चरण का सर्वे करने केंद्रीय टीम नवंबर माह में रायपुर आ सकती है। तीसरा राउंड स्वच्छता रैंकिंग के हिसाब से काफी अहम माना जा रहा है। इस बार गारबेज फ्री सिटी, ओडीएफ डबल प्लस और वाटर प्लस श्रेणी में मूल्यांकन करने 3 टीमें शहर में सर्वे करने अलग-अलग हिस्सों में जाएंगी। महापौर एजाज ढेबर की परिषद ने रायपुर शहर को देश का नंबर वन स्वच्छ शहर बनाने सफाई विभाग के साथ मिलकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बार स्वच्छता रैंकिंग में कुल 9500 अंक रखे गए हैं। जो अलग-अलग श्रेणी में तय मापदंड के हिसाब से दिए जाएंगे। इसमें सर्विस लेवल प्रोवाइड पर 5705 अंक, सर्टिफिकेशन पर 2500 अंक, पब्लिक फीडबैक श्रेणी में 1295 अंक रखे गए हैं। अब तक हुए देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर शहर ने देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपनी धाक बरकरार रखी है, उसे देश के नंबर वन स्वच्छ शहर होने का तमगा मिला हुआ है।

**पब्लिक फीडबैक श्रेणी, 1295 अंक तय**





■ 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले देश के 4447 शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर प्रतिस्पर्धा

### वाटर प्लस सिटी श्रेणी में बढ़ सकते हैं नंबर


देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग के लिए होने वाले तीसरे चरण के सर्वे में वाटर प्लस श्रेणी में इस बार रायपुर शहर को ज्यादा अंक मिल सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, खारुन नदी में नाले व नालियों के गंदा पानी जाने से रोकने 3 अलग-अलग स्थानों पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना के साथ ही उपचारित जल के दोबारा उपयोग को लेकर वाटर प्लस श्रेणी में अंक बढ़ सकते हैं। इसके साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और सकरी ट्रेंचिंग ग्राउंड में शहरभर से एकत्र कूड़े-करकट का वैज्ञानिक निष्पादन किए जाने पर अलग से अंक मिलेंगे। साथ ही वायु प्रदूषण रोकने के लिए रोड स्वीपिंग मशीन से शहर की सड़कों की सफाई पर केंद्रीय टीम अंक देगी।

### दो दर्जन मुक्कड़ निगम के लिए बड़ी चुनौती

गारबेज फ्री सिटी के लिए होने वाले केंद्रीय सर्वे में नगर निगम के लिए सबसे बड़ी चुनौती शहर के अलग-अलग क्षेत्र में स्थित दो दर्जन मुक्कड़ हैं। जहां लोग आज भी रोजाना गीला और सूखा कचरा बेहिचक डंप कर रहे हैं। जोन स्तर पर न तो शहर को मुक्कड़ मुक्त बनाने इसके लिए ठोस प्रयास किए गए, न ही निगम मुख्यालय से इसकी पहल हुई। विदित हो कि शहर के मध्य स्थित नगर निगम जोन-2 क्षेत्र में सबसे ज्यादा 5 मुक्कड़ इसमें शामिल हैं।

# प्रायवेट कॉलेजों में एमबीबीएस की 67, बीडीएस की 275 सीटें खाली, मॉपअप एडमिशन 16 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



■ दोनों पाठ्यक्रम मिलाकर सरकारी कॉलेजों में 26 सीटें बाकी

हरिभूमि फॉलोअप

दो दौर की काउंसिलिंग के बाद निजी कॉलेजों में एमबीबीएस की 67 और बीडीएस की 275 सीटें खाली हैं। मॉपअप राउंड में संस्था चयन की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है और मेरिट लिस्ट के बाद एडमिशन 16 अक्टूबर से प्रारंभ किया जाएगा। दोनों पाठ्यक्रमों में सरकारी कॉलेजों में कुल 26 सीटें बाकी हैं।

विभिन्न अड़चनों के बीच चिकित्सा शिक्षा विभाग एमबीबीएस और बीडीएस के एडमिशन की प्रक्रिया पूरी करने में जुटा हुआ है। दो राउंड के बाद भी निजी कॉलेजों में दोनों पाठ्यक्रमों की बड़ी संख्या में सीटें बाकी हैं। इसमें एमबीबीएस एडमिशन को लेकर अभी चर्चा में आए एनआरआई कोटे की 10 सीटें भी शामिल हैं। सबसे ज्यादा 45 सीटें मैनेजमेंट कोटे की हैं, जिसमें एडमिशन के लिए अक्सर मोटी फीस वसूले जाने की चर्चा होती रहती है। निजी मेडिकल कॉलेजों में राज्य कोटे की महज दर्जनभर सीटें शेष हैं। इसी तरह सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की केवल पांच और शासकीय डेंटल कॉलेज में 21 सीटें खाली हैं। निजी दंत महाविद्यालयों में 275 सीटों पर एडमिशन का काम पूरा किया जाना है, जो बड़ी चुनौती है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के शेड्यूल के अनुसार च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 15 को मेरिट लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा और 16 से 21 अक्टूबर तक एडमिशन का काम पूरा किया जाएगा। इसके बाद जरूरत हुई तो स्ट्रे राउंड भी आयोजित किया जाएगा।

### भवन निर्माण का भूमिपूजन



**रायपुर।** रमन मंदिर वार्ड में इंदिरा आवास कॉलोनी के शिव मंदिर गार्डन के पास सांसद निधि से भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन पूर्व सांसद सुनील सोनी और रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने किया। सांसद निधि से सुनील सोनी ने नागरिकों की मांग पर 5 लाख रुपए की स्वीकृति दी थी। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड पार्षद सूर्यकांत राठौड़, मोहन एंटी, गोरेलाल नायक, अरविंद जैन, विष्णु नामदेव, धनेश साहू, केदार यादव, बृजेश रावत सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# प्रबंधन की सख्ती के बाद ऑक्सीजन प्लांट की मरम्मत हर माह बचेंगे 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




■ दो साल से बंद पड़ा था प्लांट, गंभीर मरीजों के लिए खरीदनी पड़ रही ऑक्सीजन

■ ब्लैक लिस्ट करने और एफआईआर की धमकी के बाद हरकत में आई एजेंसी

ब्लैक लिस्ट करने तथा एफआईआर कराने की सख्त हिदायत देने के बाद संबंधित ठेका एजेंसी ने डीके अस्पताल के बिगड़े ऑक्सीजन प्लांट को सुधारने का काम शुरू कर दिया है। जल्द ही अस्पताल के प्लांट में बनने वाली ऑक्सीजन की मदद से गंभीर मरीजों को राहत मिलने लगेगी। साथ ही प्रबंधन को हर महीने 15 लाख रुपए की बचत होगी, जिसे ऑक्सीजन खरीदने में खर्च किया जा रहा है।

डीके अस्पताल के पास अपने खुद का ऑक्सीजन प्लांट है, जिसके माध्यम से वह अपने मरीजों को कोरोनाकाल में ऑक्सीजन देकर राहत पहुंचा रहा था, साथ ही अन्य अस्पतालों को भी ऑक्सीजन सप्लाई की जा रही थी। तकरीबन दो साल पहले इस प्लांट में तकनीकी दिक्कत आ गई थी। प्लांट को सुधारने का काम सीजीएमएससी के माध्यम से एक एजेंसी को दिया गया और उसे दो बार करीब 66 लाख रुपए का भुगतान ऑक्सीजन प्लांट को सुधारने के लिए दिए गए, मगर प्लांट शुरू नहीं हो पाया था। अस्पताल प्रबंधन इस समस्या को दूर करने के लिए पत्र व्यवहार के साथ हर महीने करीबन 15 लाख रुपए ऑक्सीजन की व्यवस्था पर खर्च कर रहा था, जो अब तक जारी है। महीनेभर पहले मामले की जानकारी विभाग के उच्चाधिकारियों तक पहुंची तो संबंधित एजेंसी को ब्लैक लिस्ट कर मामले में एफआईआर कराने के निर्देश जारी किए गए। एजेंसी पर इस चेतावनी का तत्काल असर हुआ और उसने प्लांट का काम फिर से शुरू कर दिया है। आने वाले दिनों में प्लांट से उत्पादित ऑक्सीजन से यहां भर्ती मरीजों को राहत मिलने लगेगी और इस पर खर्च होने वाली बड़ी राशि की भी बचत प्रबंधन को होगी।

### कंडम न हो जाए दूसरा प्लांट

कोरोनाकाल के दौरान अस्पताल भवन के पिछले गेट की ओर पीएम केयर फंड से एक लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया था। महामारी खत्म होने के बाद भी यह शुरू नहीं हो पाया, उल्टे देखरेख के अभाव में यह झाड़ियों के बीच दबकर रह गया है। इस प्लांट के उपयोग के लिए अनुमति मांगने की प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं हो पाई है।

### जल्द मिलेगी सुविधा

बंद प्लांट की मरम्मत का काम संबंधित एजेंसी पूरा कर रही है। जल्द ही इससे मिलने वाली ऑक्सीजन का उपयोग मरीजों के इलाज के लिए किया जाएगा।

- **डॉ. हेमंत शर्मा,** उप अधीक्षक, डीके अस्पताल

### 49 लाख रुपए की जियो लाइट

जानकारी के अनुसार, प्लांट के रखरखाव के लिए करीब 17 लाख रुपए दिए गए थे। इसके बाद प्लांट में लगने वाली जियो लाइट के लिए 49 लाख रुपए भुगतान किया गया था। संबंधित एजेंसी ने यह उपकरण तो लगाया, मगर इसकी क्षमता इतनी कम थी कि प्लांट नियमित रूप से ऑक्सीजन तैयार नहीं कर पा रहा था। मजबूरन अस्पताल प्रबंधन को दूसरी एजेंसी ने ऑक्सीजन खरीदनी पड़ रही थी।

■ सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानीवासियों को दी सौगात

# पहाड़ी तालाब, छुईहा तालाब के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार को पहाड़ी तालाब और छुईहा तालाब के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण किया। नगर निगम द्वारा 15वें वित्त आयोग मद से 2 करोड़ 88 लाख रुपए में तालाब गहरीकरण, 3 घाटों का निर्माण, ऑक्सीजोन, योग एरिया सहित 5 मुख्य द्वार बनाने का कार्य कराया गया है।

पं. सुंदर लाल शर्मा वार्ड स्थित पहाड़ी तालाब के सौंदर्यीकरण और शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 93 लाख रुपए खर्च कर तालाब गहरीकरण, स्टोन पीचिंग, पाथवे, लाइटिंग सहित विविध सौंदर्यीकरण कार्य कराए गए हैं। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इन 2 तालाबों को सुंदर स्वरूप में विकसित कराने के बाद शहरवासियों को इसकी सौगात दी। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, सभापति प्रमोद दुबे, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, पार्षद मृत्युंजय दुबे, चंद्रपाल धनगर, पार्षद सरिता वर्मा, सरिता दुबे, उत्तम साहू, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, पूर्व उपनेता प्रतिपक्ष रमेश सिंह ठाकुर, पूर्व जोन अध्यक्ष सालिक सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा, अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, रायपुर स्मार्ट सिटी के सीओओ उज्जवल पोरवाल, नगरीय प्रशासन संचालनालय तकनीकी प्रकोष्ठ के मुख्य अभियंता राजेश शर्मा, निगम के मुख्य अभियंता यूके धलेन्द्र, जोन कमिश्नर विमल शर्मा, रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, अंशुल शर्मा, स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक तकनीकी पंकज कुमार पंचायती सहित आमजन उपस्थित रहे।

■ नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, पार्षद मृत्युंजय दुबे, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा रहे मौजूद

# एक्सप्रेस ट्रेनों में नवंबर से चार जनरल कोच की सुविधा, भीड़ से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन की दर्जनभर से अधिक ट्रेनों में रेलवे प्रशासन नवंबर माह से जनरल कोच की संख्या बढ़ाने जा रहा है, जिससे जनरल कोच में सफर करने वाले यात्रियों को भीड़ से थोड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में जोन की एक्सप्रेस ट्रेनों में सामान्य कोच की संख्या 2 से 3 है, जबकि रेलवे के नियमानुसार ट्रेनों में 6 जनरल कोच होने चाहिए, लेकिन रेलवे ने कोरोना के बाद से कोच घटा दिए थे। अब फिर से कोच जोड़ने की कवायद की जा रही है। बता दें कि जनरल कोच में जगह नहीं मिलने पर यात्री स्लीपर कोच में जबरिया चढ़ते हैं। इसके कारण आए दिन विवाद भी होता है, जिसे ध्यान में रखते हुए एक-एक कोच बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इन ट्रेनों में पहले से एक-एक जनरल कोच है, जो ट्रेन के आगे व पीछे जुड़ते हैं। दो अतिरिक्त कोच ट्रेन के इसी हिस्से में जोड़े जाएंगे।

मंडल में अभी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, एर्नाकुलम एक्सप्रेस, इंटरसिटी एक्सप्रेस, चेन्नई एक्सप्रेस समेत आठ ट्रेनें एलएचबी कोच के साथ दौड़ रही हैं। अतिरिक्त कोच इन्हीं में जोड़ने की तैयारी है। इस माह के अंत तक कुछ ट्रेनों में कोच जुड़ जाएंगे और बाकी ट्रेनों में नवंबर तक कोच जोड़ने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

■ आगे और पीछे के हिस्से में होंगे दो-दो जनरल कोच

■ दो महीने पहले रेलवे ट्रेनों में कोच लगाने की कर चुका है घोषणा, नवंबर से जुड़ जाएंगे नए कोच



### इन ट्रेनों में फिलहाल नहीं लगेंगे कोच

बिलासपुर से वैसे तो लगभग 17 ट्रेनें छूटती हैं, पर अभी कुछ ट्रेनें पुराने नीले रंग के कोच से चलती हैं। इनमें अभी चार जनरल कोच की सुविधा लागू नहीं होगी। हालांकि आगामी दिनों में यह भी एलएचबी कोच के साथ चलेंगी। रेलवे का यह निर्णय है कि सभी ट्रेनों को एलएचबी कोच से चलाकर यात्रियों राहत दी जाए। जिन ट्रेनों में एलएचबी कोच नहीं है, उनमें बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस, बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस आदि ट्रेनें शामिल हैं।

# भूमि स्वामित्व में परिवर्तन, उत्तराधिकार और अन्य राजस्व संबंधी मामले अब रीडर की आईडी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजस्व न्यायालय की प्रक्रियाओं में सुधार और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अब राजस्व न्यायालय में प्राप्त होने वाले अ-6 और अ-27 आवेदनों की एंट्री, नामांतरण पंजी में दर्ज करने की सुविधा रीडर आईडी के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। यह बदलाव न केवल आवेदन प्रक्रिया को अधिक सुचारू बनाएगा, बल्कि न्यायिक कार्यों की गति को भी बढ़ाएगा।

### क्या है अ-6 और अ-27 आवेदन

अ-6 और अ-27 आवेदन, राजस्व संबंधी कार्यों से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज होते हैं। इन आवेदनों के माध्यम से भूमि स्वामित्व में परिवर्तन, उत्तराधिकार और अन्य राजस्व संबंधी मामले दर्ज किए जाते हैं। नामांतरण के मामलों में अ-6 आवेदन का उपयोग किया जाता है, जबकि अ-27 आवेदन किसी विशेष आदेश के आधार पर दाखिल होता है। इन आवेदनों की एंट्री नामांतरण पंजी में दर्ज होने के बाद ही राजस्व अभिलेखों में संशोधन किया जाता है।

■ पहले यह काम तहसीलदार की आईडी से होता था

■ अब काम में आएगी तेजी, लंबित मामले भी निपटेंगे




फाइल फोटो

### रीडर आईडी से एंट्री की नई सुविधा

पहले इन आवेदनों की एंट्री केवल कुछ अधिकृत अधिकारियों द्वारा ही की जाती थी, जिसके कारण प्रक्रिया में विलंब होता था। अब रीडर आईडी के माध्यम से यह कार्य आसानी और शीघ्रता से किया जा सकेगा। रीडर न्यायालय में काम करने वाला एक महत्वपूर्ण कर्मचारी होता है, जो न्यायालय की प्रक्रियाओं को संभालता है और दस्तावेजों का प्रबंधन करता है। रीडर आईडी को एंट्री की सुविधा देने से न केवल न्यायालय के कामकाज में तेजी आएगी, बल्कि लंबित मामलों को भी तेजी से निपटाया जा सकेगा।

### इस बदलाव के लाभ

प्रक्रिया में तेजीः रीडर आईडी के माध्यम से नामांतरण पंजी में अ-6 और अ-27 की एंट्री की सुविधा से आवेदन प्रक्रियाएं तेजी से पूरी होंगी। इससे लंबित मामलों की संख्या में कमी आएगी और किसानों तथा भूमि मालिकों को समय पर न्याय मिलेगा। डिजिटल एंट्री की सुविधा से नामांतरण प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सकेगा। रीडर आईडी से एंट्री होने पर प्रत्येक कदम का रिकॉर्ड रखा जाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की गलती को आसानी से पकड़ा जा सकेगा।

# प्रदेशभर में 20 से कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और उपचुनाव से पहले कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को चार्ज करने जा रही है। 20 अक्टूबर से कांग्रेस का विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन शुरू होगा। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। अब कार्यकर्ताओं की निराशा दूर करने के लिए प्रदेशभर में सम्मेलन किए जाएंगे, ताकि आने वाले निकाय चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को रीचार्ज किया जा सके। कांग्रेस नगरीय निकाय चुनाव से पहले अपने कार्यकर्ताओं को मजबूत और एक्टिव करना चाह रही है। दो चुनावों में मिली निराशा के बाद कार्यकर्ताओं में पार्टी फिर से जोश भरना चाहती है।

■ कार्यकर्ताओं को मोटिवेट करेंगे पायलट और बैज

### जीतने वाले प्रत्याशी को ही देंगे टिकट

रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने जानकारी देते हुए कहा, दक्षिण विधानसभा में कांग्रेस 20 अक्टूबर को कार्यकर्ता सम्मेलन करेगी। बाहरी प्रत्याशियों की दावेदारी को लेकर उन्होंने कहा, कांग्रेस में सभी को टिकट मांगने का हक है। राजनांदगांव और अन्य स्थानों के नेताओं ने भी टिकट मांगा है, लेकिन टिकट किसी एक को दिया जाएगा और जीत की क्षमता देखकर ही टिकट देंगे।

## खबर संक्षेप



### मेंटल हेल्थ कैंप में 35 मरीज मिले

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम व डॉ. सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में मेंटल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जहां 35 मरीजों को निःशुल्क मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटरवेंशन किया गया। शिविर में डॉ नारायण साहू बीएमओ, लोकेश प्रधान आरएमए, ढोलचंद नायक बीपीएम, जिला चिकित्सालय स्पर्श क्लीनिक से रामगोपाल खूंटे, टेकलाल नायक आदि का सहयोग रहा।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 19 को

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा इस वर्ष 19 अक्टूबर शनिवार को पूरे छत्तीसगढ़ प्रांत में एक साथ आयोजित होगी। यह परीक्षा कक्षा 5वीं से लेकर महाविद्यालय स्तर तक सभी 9 स्तरों में कक्षा अनुसार अलग-अलग आयोजित होगा। परीक्षा 11:30 से 1 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट सभी विकासखंड में विद्यालयों के लिए वितरण किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से जुड़े सभी परिजनों एवं संस्था प्रमुखों से निवेदन है कि अपने अपने क्षेत्र / संस्था के लिए प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट प्राप्त कर लें एवं संस्था को दिए गए परीक्षा कोड का उत्तर पुस्तिका में उल्लेख करते हुए परीक्षा संपन्न करेंगे। वर्ष महासमुंद जिले में 11000 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग ले रहे हैं। परीक्षा में प्रत्येक स्तर में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आकर्षक प्रमाण पत्र दिया जाएगा। यह जानकारी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी आशीष साहू एवं भारत साहू ने दी है।

### स्काउट-गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त आज लेंगे समीक्षा बैठक

**महासमुंद।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ रायपुर के राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव 15 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे से नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में जिले में चल रहे स्काउटिंग की गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। जिसमें स्काउटिंग गाइडिंग के प्रचार-प्रसार, पंजीयन नवीनीकरण की स्थिति, वित्तीय वर्ष के आय व्यय, नवीन दलों के गठन एवं संचालन एवं अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। समीक्षा बैठक में स्काउट के जिला एवं विकासखंड के समस्त पदाधिकारीगण, जिलाध्यक्ष, जिला मुख्य आयुक्त, जिला उपाध्यक्षगण एवं सभी विकासखंड के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षगण तथा जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त विकासखण्डों के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिले के स्काउटिंग से जुड़े स्काउटर गाइडर शामिल होंगे। उक्त जानकारी जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे ने दी है।

### अपराजिता वी क्लब की हुई बैठक

**महासमुंद।** जयसवाल भवन में अपराजिता वी क्लब महासमुंद द्वारा एरिया विजिट का मीटिंग रखा गया। जिसमें सबसे पहले ध्वज वंदन कर राष्ट्रगान किया गया। इस बैठक में विगत तीन माह से क्लब द्वारा किए गए गतिविधियों की जानकारीयां दी गई तथा आगामी की जाने वाली कार्यक्रम की चर्चा की गई। कार्यक्रम में अपराजिता वी क्लब के सभी सदस्यों द्वारा भारत रत्न स्वर्गीय रतन टाटा को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से वी ऐश्वर्या तिवारी, वी निरंजना चंद्राकर, वी राज ठाकुर, अध्यक्ष वी ममता जैसवाल, सचिव वी कामिनी चंद्राकर तथा वी मीना चंद्राकर सहित क्लब के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आयोजन : भंवरपुर में धूमधाम से मनाया गया विजयादशमीं का पर्व

# भंवरपुर में जय-जय श्रीराम के नारों के साथ हुआ रावण पुतला का दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

■ दुर्गा पंडाल में हवन पूजन के बाद भी नौ कन्या भोज भी हुआ

भंवरपुर सार्वजनिक दुर्गा समिति द्वारा नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। नवरात्रि के अंतिम दिन में काफी भीड़ उमड़ी। रावण जलाने बाजार पड़ाव में दर्शकों का अत्यधिक भीड़ जुट गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन में सुबह से हवन पूजन किया गया। साथ ही नौकन्या भोज का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी महाभंडारा का आयोजन शिशु मंदिर प्रांगण में रखा गया था, जहां हजारों की संख्या में भक्तगण आकर प्रसाद ग्रहण किए। शाम के समय श्रीराम-लक्ष्मण सीता एवं हनुमान सहित रावण वध के लिए झांकी निकाली गई। झांकी नगर के प्रमुख मार्गों होते हुए दुर्गा मंदिर में पूजा करने के बाद राम द्वारा विशालकाय रावण का दहन किया गया।



पश्चात बाजार पड़ाव में डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां पर दूर-दूर से बाहर से आए प्रतिभागियों द्वारा अपने कला का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार के नृत्य करते नजर आए। कार्यक्रम के अंत में सार्वजनिक दुर्गा समिति भंवरपुर ने सभी क्षेत्रवासियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार प्रकट किया।

### फीकी रही भंवरपुर में इस बार नवरात्रि

एक समय होता था, जब भंवरपुर में नवरात्रि में धूम हुआ करता था। लोगों को पैर तक रखने की जगह नहीं हुआ करते थे। लेकिन, अब यह समय है कि पूरे नौ दिन बीत जाने के बाद भी अंतिम दिनों को छोड़कर कोई भी दिन पहले की तरह भीड़ एवं चहल पहल नजर नहीं आया। ग्रामीणों ने बताया कि इसका एक कारण यह है कि आज से 10-15 साल पहले आसपास के गांवों में केवल भंवरपुर में ही नवरात्रि में दुर्गा स्थापित किया जाता था। लेकिन, आजकल आसपास के लगभग हर गांवों में नवरात्रि पर दुर्गा पूजा किया जा रहा है। वहीं भंवरपुर में भीड़ न जुटने का दूसरा बड़ा कारण यह है कि इतना बड़ा नगर होने के बावजूद भंवरपुर में कोई बड़ा कार्यक्रम का आयोजन नहीं हो पाना है, जिससे कहीं न कहीं आसपास गांवों के लोगों द्वारा भंवरपुर के प्रति मोह कम होते जा रहा है। अगर जल्द ही इस दिशा में आयोजन समिति के द्वारा बड़ा कदम नहीं उठाया जाता तो भंवरपुर में आगामी वर्षों में लोगों की घटती भीड़ को लेकर और भी नकारात्मक स्थिति देखने को मिल सकती है।

## नदी चरौदा में हुआ डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नदी चरौदा में जय हिंद नवयुवक समिति द्वारा डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिथौरा के अध्यक्ष करण सिंह दीवान ने की। विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस प्रकार के आयोजन को सराहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम अध्यक्ष पूनऊ राम ध्रुव, उपाध्यक्ष उदयराम पांडे, सचिव कृष्ण कुमार राणा, कोषाध्यक्ष दया लाल चक्रधारी, ग्राम पंचायत सरपंच पांडु राम बरिहा, जयलाल पांडे, डिंगरो यादव, उपसरपंच जोगनी बाई, मनीराम पांडे, पंच सागर निषाद, पंच मनीराम ध्रुव, पंच कुमार ध्रुव, पंच राजकुमारी पाडे, पंच निर्मला पाड़े, पंच हिलधर बरिहा, पंच घनश्याम पाड़े, पंच फगनु पटेल, शाहिद युवा नेता एवं पंच नेतराम पटेल आदि मौजूद रहे।

### स्काउट-गाइड के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आज

**महासमुंद।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला महासमुंद एवं विकासखंड महासमुंद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 15 अक्टूबर 2024 को नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक शाला महासमुंद में दोपहर 12 बजे से किया गया है। समारोह में बतौर अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायकगण योगेश्वर राजू सिन्हा महासमुंद, द्वारिकाधीश यादव खल्लारी, डा. संपत अग्रवाल बसना, चातुरी नंद विधायक सरायपाली, राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव शामिल होंगे। जिला संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष येतराम साहू, उपाध्यक्ष जय पवार, आनंद साहू, अशोक अग्रवाल, धर्मशीला दास, एस चंद्रसेन, सुधा साहू तथा विकासखंड के पदाधिकारी अध्यक्ष कौशलेंद्र वैष्णव, उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, नितेश वास्तव, मनीष शर्मा, शुभ्रा शर्मा, तारा चंद्राकर, सीता टोंडेकर पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे।

## विशेष सहयोग करने वाले ग्रामीणों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलसोंड़ा की अधिष्ठात्री देवी शीतला माता मंदिर में विधि विधान से हवन पूजन एवं कन्याभोज हुआ। मां शीतला विकास समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू ने बताया कि कार्यक्रम में सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर के मार्गदर्शन तथा समिति के सभी सदस्यों का सहयोग रहा। कोषाध्यक्ष उदेराम साहू ने बताया कि सरपंच भामिनी के कार्यकाल में सभी वर्गों को मुख्य जजमान के रूप में माता चरणों में बैठने का सुअवसर प्राप्त हुआ। उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत चंद्राकर तथा सचिव सक्रिय प्रकाश साहू ने बताया कि जिन जिन लोगों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है उन्हें मातारानी की फोटोफ्रेम स्मृति चिन्ह स्वरूप प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में विजया दीदी, तुलसीराम सेन, महेश चंद्राकर, दुखु देवांगन, दिलीप चौहान, संतोष चंद्राकर, परस चंद्राकर, पुरुषोत्तम चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, बिसहत चंद्राकर, प्रेमलाल चंद्राकर, आनंदराम यादव, राधेश्याम यादव, अजय चंद्राकर, दाऊलाल साहू, ज्ञानिक साहू, भारत साहू, दिनेश साहू, तुकेश साहू, धनी बैगा, ईशा धीवर, सरस्वती साहू, शुभम चंद्राकर, निधि चंद्राकर, खोरबाहरा बैगा, नरेंद्र सोनी, गीता सोनी आदि मौजूद रहे।

## तेंदूकोना में दशानन के 25 फीट ऊंचे पुतले का दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

नगर सहित क्षेत्र में नवरात्र पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जगह-जगह मां जगदम्बे की प्रतिमा स्थापित कर पूरे नौ दिनों तक मां दुर्गा के भक्ति में भक्त लीन रहे। देवी मंदिरों व माता देवालयों में ज्योति कलश की स्थापना की गई थी। श्रद्धालु नंगे पांव उपवास रखकर माता के भक्ति में लीन रहे तथा नौ दिनों तक माता के दरबार में माता सेवा, देवी जस गीत, भजन कीर्तन व जगराता कार्यक्रम का आनंद उठाते रहे। नवरात्र पर्व के अंतिम दिन शनिवार को माता के प्रतिमा के साथ साथ ज्योत जंवारा का विसर्जन किया गया। तेंदूकोना में कुल पांच जगहों पर सार्वजनिक दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया गया था। गुरुवार व शुक्रवार को हवन पूजन के बाद सभी दुर्गा पंडालों में सुबह नौकन्या भोज कराया गया।



घरों में विराजित मां दुर्गा के प्रतिमा को शुक्रवार को विसर्जित की गई तथा शनिवार को यहां के बाजारपारा, सांई नगर, बस्तीपारा, गायत्री नगर व साल्हेभांठा सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति की प्रतिमाएं देर शाम तक समीप के जलाशय लमकेनी बांध में विसर्जन किया गया। इस दौरान सभी पंडालों में स्थापित मां दुर्गा के प्रतिमा को पूरे गांव में विसर्जन जुलूस निकाला गया, जहां श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह मां दुर्गा की पूजा अर्चना किया गया। वहीं भक्तों द्वारा माता जसगीत, रंग गुलाल, गाजे बाजे व डीजे के धुन में थिरकते नजर आए।



**धूमधाम से मना दशहरा पर्व:** बुराई पर अच्छाई की जीत विजया दशमी पर्व दशहरा शनिवार को तेंदूकोना में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। यहां के राम लीला मंडली द्वारा एक दिन की रामलीला का मंचन किया गया। 25 फीट ऊंचे दशानन के पुतले को जलाने से पहले गांव के प्रमुख मार्गो में भगवान राम की जीवंत झांकी निकालकर रामलीला का मंचन किया गया। बाद रावण का पुतला दहन किया गया। रामलीला मंचन के दौरान दर्शक राम व रावण के खूब जयकारे लगाए। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों, महिला पुरुष सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रूपसिंग के जन्मदिन पर 75 लोगों ने किया रक्तदान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

बाबाकुटि आश्रम में सामाजिक एवं भाजपा के कार्यकर्ता जिले के निवासी रूपसिंग साहू के जन्मदिवस को विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कायक्रम ने जहां शमा बांधा। वहीं पर 75 लोगों ने रक्तदान किया। हजारों लोगों को भोजन प्रसादी का वितरण किया गया।

गरीब मजदूर एवं दोस्त साथियो के स्वास्थ का ध्यान देने वाले एवं समय दान करने वाले ईलाज वाले बाबा के नाम से जानने वाले अंचल के सामाजिक नेता रूपसिंह साहू अपना जन्मदिवस 14 अक्टूबर को बाबाकुटि आश्रम में सामाजिक सारोकर की भागीदारी निभाते हुए मनाया। इस अवसर पर कार्यक्रम में साहू ने नगर के मौली माता मंदिर में मां मौली की पूजा अर्चना कर अपने एवं क्षेत्र की खुशहाली के लिए कामना की। उसके पश्चात सामुदायिक अस्पताल फिंगेश्वर के मरीजों का हाल-चाल जाना व फल वितरित किए। कार्यक्रम में उपाध्याय अस्पताल रायपुर के ख्याति प्राप्त हड्डी रोग के डॉ. शैलेन्द्र उपाध्याय एवं स्टाप के द्वारा कार्यक्रम में आए हजारों लोगों में से लगभग 400 लोगों का स्वास्थ परीक्षण किया।बाबाकुटि के पुनित धाम मे इस कार्यक्रम की लोगों ने जमकर प्रशंसा की। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, चुन्नीलाल साहू, नागेश चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, किशोर साहू, रामूराम साहू, रामाधार साहू, ओमप्रकाश साहू, मोती निषाद, रामजी साहू, संतोष यादव, बिसहत साहू, मदन साहू, राजू साहू, चंदूलाल साहू, नानक साहू, गजेन्द्र निषाद, तुलसीराम कौशिक, मनीश हरित, भुनेश्वर साहू, लाला साहू, ईश्वरी साहू, डॉ. दिलीप साहू, खोमन साहू, अशोक राजपूत, अशोक साहू, टिकेश साहू, मुन्ना साहू, डॉ. शेलेन्द्र उपाध्याय सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

## स्थापना दिवस पर हुआ शस्त्र पूजन और रक्त तिलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विश्व हिंदू परिषद् दुर्गा वाहिनी द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मां दुर्गा अष्टमी पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। दुर्गा वाहिनी द्वारा सर्वप्रथम दुर्गा की आरती की गई। फिर सभी बहनों द्वारा अपनी उंगली के रक्त से तलवार पर तिलक किया गया। पश्चात मां से प्रार्थना किया गया कि जिस तरह माता ने महिषासुर का अंत कर समाज से अंधकार को



किया था उसी प्रकार पूरे विश्व में महिषासुर रूपी अनाचारियों, अधर्मियों का अंत करें। साथ ही शपथ लिया गया कि वे हमेशा माता रानी के आदर्शों, नियमों का पालन करेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से ही दुर्गा वाहिनी एवं सर्व नारी समाज की ओर से एक अप्रत्यक्ष चेतावनी दी गई कि नारी समाज अब भययुक्त जीवन नहीं जिएगा, स्थिति के निर्माण होने पर नारी को दुर्गा का रूप ग्रहण करना अब आ गया है। तत्पश्चात अंत में माता की महाआरती, माता के नारों के जयकार के साथ कार्यक्रम हुआ। विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया गया।




## शरद पूर्णिमा की चांदनी में रखी खीर में बरसता है अमृत : गोलू महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

शरद पूर्णिमा सनातन धर्म में विशेष महत्व रखतीं हैं, जिसे कोजागिरी पूर्णिमा या रास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। महाराज गोलू शर्मा ने बताया कि यह त्योहार विशेष रूप से लक्ष्मी पूजन, व्रत और रात के समय चन्द्रमा की उपासना से जुड़ा होता है। मिश्रा ने बताया कि 16 अक्टूबर को रात्रि 8 बजकर 40 मिनट पर होगी। वहीं इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 17 अक्टूबर को शाम 4 बजकर 55 मिनट पर होगा। ऐसे में शरद पूर्णिमा का पर्व 16 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन चंद्रमा 16 कलाओं से पूर्ण होता है और उसकी किरणें अमृतमयी मानी जाती है। इस दिन लोग खीर बनाकर खुले आसमान



के नीचे रखने की परंपरा निभाई जाती है। धार्मिक महत्व यह है कि चंद्रमा की किरणों से खीर में अमृत का संचार होता है, जिससे वह अधिक पौष्टिक और दिव्य भोजन बन जाता है। इसे सुबह प्रसाद के रूप में ग्रहण करने से स्वास्थ्य और समृद्धि में वृद्धि होती है। साथ ही यह माना जाता है कि शरद पूर्णिमा की रात में मां लक्ष्मी पृथ्वी पर विचरण करती है और जो लोग खीर रखें रहते हैं उस खीर का भोग लगाते हैं। शरद पूर्णिमा का समय वर्ष का वह



चरण होता है जब मौसम बदल रहा होता है। गर्मियों के बाद यह पहली पूर्णिमा होती है और वातावरण में ठंडक का आगमन होने लगता है, जिससे उसकी किरणें अत्यधिक प्रभावी होती है। साल भर में 12 पूर्णिमा होती है, लेकिन शरद पूर्णिमा को विशेष स्थान प्राप्त है। शरद पूर्णिमा का पर्व केवल धार्मिक महत्व हीं नहीं बल्कि स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। इस दिन क्षेत्र में कई जगहों पर शरद पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है।



## खबर संक्षेप




### सियान सेवा सदन को गैस चूल्हा भेंट की

**गरियाबंद।** स्वर्गीय कविनाथ सोनवानी सेवानिवृत्त एवं पेंशनर संघ अध्यक्ष के प्रथम पुण्यतिथि गरियाबंद के ग्राम भिलाई स्थित सियान सेवा सदन में मनाया गया। जहां उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की गई। सुपुत्र राधेश्याम सोनवानी आंचलिक पत्रकार संघ अध्यक्ष द्वारा सियान सेवा सदन को गैस चूल्हा भेंट की। व जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण भी किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, अनूप भोंसले, पत्रकार गोरेलाल सिन्हा, राकेश साहू, फारूक चौधरी, धनराज विश्वकर्मा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### आप पार्टी ने पारागांव में मुक्तिधाम की मांग की



**नवापारा-राजिम।** ग्राम पंचायत पारागांव में मुक्तिधाम की मांग को लेकर आप पार्टी द्वारा नवापारा के नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया है। यह जानकारी देते हुए पार्टी के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मोहन चक्रधारी ने बताया कि ज्ञापन सौंपने वालों में पारागांव के पूर्व पंच संजय विश्वकर्मा, पारस निषाद, खोमेश सिन्हा, संतोष कहार शामिल थे।

### लोकगायक विवेक का कार्यक्रम 16 को

**अभनपुर।** नवयुवक मित्र मंडल के तत्वाधान मे शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन शनिचरी बाजार शेड स्थल पर 16 अक्टूबर बुधवार को रखा गया है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक गायक पंडित विवेक शर्मा अपनी प्रस्तुति देंगे। बता दें कि अभनपुर में शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन नवयुवक मित्र मंडल द्वारा 2021 से किया जा रहा है. जिसमें मातृशक्ति का भी सम्मान किया जाता है नगर में पहली बार पंडित विवेक शर्मा का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजक समिति ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या मे कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



### रामलीला का मंचन कल

**रसेला।** ग्राम पंचायत रसेला के पारा बेल्डीही में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रथम वर्ष रामलीला मंचन करूणा निधान मानस मंडली ग्राम जाडापदर मैनपुर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम 16 अक्टूबर को अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन शाम 7 बजे रात्रिकालीन कार्यक्रम का मंचन 9 बजे किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, अध्यक्षता ग्राम पटेल लोकराम यादव, विशेष अतिथि के रूप दूखूराम यादव ग्राम प्रमुख, उपसरपंच परमेश्वर यादव, भावसिह मरकाम ग्राम प्रमुख, संतराम नेताम, नंदूदास मानिकपुर, धनीराम यादव, डॉ. चिराग अली, इकबाल मेमन, कमलेश्वर नायक, महेतरू राम नायक, देवलाल बारिक, शंकर कुर्रे, कृष्णा चक्रधारी अध्यक्ष व्यापारी संघ, राघवेन्द्र यादव जागृति नवयुवक मंडल अध्यक्ष, शत्रुता कुंजाम अधिक्षक बालक छात्रावास, देवकुमार, मुकेश गुप्ता युवा प्रभाग, महिला कमांडो सेवती ठाकुर, पीला बाई ठाकुर, खिलेश्वरी कोमर्रा आदि मंच पर आसीन होगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त पारावासियो जुटे हुए हैं।

### प्रदेश में 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की मांग

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने 15 नवंबर से धान खरीदी का ऐलान कर दिया है। वहीं इस मामले में कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि मैं भी किसान की बेटी और बहू हूं, किसानों की जानकारी मुझे भी हैं। सरकार को 1 नवंबर से धान खरीदी करना चाहिए। साय सरकार किस कारण से धान खरीदी का समय 15 दिन आगे बढ़ाया, इससे यह स्पष्ट होता है कि भाजपा सरकार किसानों का धान पूरा नहीं खरीदना चाहती।

---

**जानकारी : बायोमेट्रिक आधारित खरीद प्रणाली के माध्यम से समर्थन मूल्य पर होगा धान का विक्रय**

# समर्थन मूल्य पर धान व मक्का की खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 31 अक्टूबर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

खरीफ विपणन 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान और मक्का की खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन एक जुलाई से चल रहा है, जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। पंजीयन के लिए सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारी समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार खरीफ विपणन 2024-25 में नया पंजीयन, फसल, रकबा संशोधन एवं कैरी फारवर्ड हेतु 1 जुलाई 2024 से किसानों का पंजीयन प्रारंभ किया गया है। सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन, फसल, रकबा संशोधन एवं कैरी फारवर्ड शीघ्र पूर्ण करा सकते हैं एवं वारिसान पंजीयन के लिए तहसील कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं, ताकि धान विक्रय करने वाले किसान को कृषक उन्नति योजना का लाभ प्राप्त हो सके। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रदेश के किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने की दृष्टि से कृषक पंजीयन की प्रक्रिया के सरलीकरण हेतु एकीकृत किसान पोर्टल विकसित किया गया है। एकीकृत किसान पोर्टल के नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल और रकबे में संशोधन की कार्यवाही 31 अक्टूबर तक सहकारी समिति के माध्यम से पंजीयन की जाएगी। एकीकृत किसान पोर्टल में धान एवं मक्का उपार्जन योजना को भी सम्मिलित किया गया है। धान एवं मक्का कृषक को समर्थन मूल्य पर विक्रय करने के लिए एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। विगत खरीफ वर्ष 2023-24 में पंजीकृत किसानों को आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए पंजीकृत माना जाए एवं इसके लिए विगत खरीफ वर्ष 2023-24 में पंजीकृत किसानों की दर्ज भूमि एवं धान के रकबे एवं खसरे को राजस्व विभाग के माध्यम से अद्यतन करा लिया जाए। यह कार्य एकीकृत किसान पंजीयन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।

### खरीदी केन्द्रों में होगी बायोमेट्रिक व्यवस्था

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में नवीन पंजीयन कराने वाले किसान से नॉमिनी की जानकारी एकत्र किया जाएगा। हिस्सेदार, बटाईदार तथा अधिया रेगहा के तहत फसल उगाने वाले कृषकों के लिए खेत का मालिकाना हक रखने वाले कृषक स्वंय पंजीयन करा सकेगा अथवा संबंधित कृषक का नॉमिनी के तौर पर पंजीयन करा सकेगा। प्रत्येक खरीदी केन्द्रों में बायोमेट्रिक व्यवस्था के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन के लिए एक स्थायी खरीदी केन्द्र प्रभारी नामांकित किया जाएगा। खरीदी केंद्र प्रभारी का भी आधार नंबर एकत्रित किया जाएगा।



### नामिनी में करीबी रिश्तेदार को भी किया जाएगा मान्य

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में आधार आधारित प्रमाणीकरण प्रणाली के लिए किसान द्वारा धान विक्रय के समय धान खरीदी केन्द्र में स्वयं उपस्थित होकर या उनके द्वारा नामांकित नामिनी के द्वारा उपस्थित होकर बायोमेट्रिक आधारित खरीद प्रणाली के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया जा सकता है। इसके लिए किसान पंजीयन हेतु एकीकृत कृषक पंजीयन पोर्टल पर किसान का पंजीयन निर्धारित अवधि के दौरान किसान का एवं उसके एक नामिनी का आधार नंबर लिया जाएगा। नामिनी के रूप में किसान के परिवार के नामित सदस्य में माता-पिता, पति-पत्नी, पुत्र-पुत्री, दामाद-पुत्रवधू, सगा भाई-बहन एवं अन्य करीबी रिश्तेदार को मान्य किया जाएगा। किसान यदि गत वर्ष पंजीकृत नॉमिनी में परिवर्तन करना चाहता है, तो समिति स्तर पर संशोधन की कार्यवाही की जाएगी।

### 1 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करें : ध्रुव

**मैनपुर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा सरकार प्रतिवर्ष 15 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ करता है जिसे 01 नवम्बर से खरीदी प्रारंभ किया जाए क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश किसान हरूना एवं विभिन्न प्रकार के धान दशहरा पर्व तक तैयार हो जाते है इस वर्ष क्षेत्र में अच्छी फसल है और धान खरीदी लेट होने से किसानों को बिचौलियों के पास औने पौने दामों पर धान बेचने मजबूर होना पड़ेगा।



---



### माता को नम आंखों से विदाई दी

**छुरा।** ग्राम हरदी में शनिवार को मां दुर्गा विसर्जन के लिए गली भ्रमण करते हुए निकले श्रद्धालु माता के सेवा एवं जस गीत गाते ढोल मंजीरा मांदर के साथ झूमते नाचते नम आंखों से विदाई दी। विसर्जन कार्यक्रम में लोगों का जन सैलाब उमड़ पड़ा । दुर्गा समिति के सदस्य डाक्टर संतोष तारक, श्यामसुंदर, थानू राम, जीवन, डोमन, रोहित, राहुल, उमेश, राजा तिवारी, नीलू, गोलू, कुणाल, माधव, बलदेव, सोमू, सौरभ, सागर, शिवा, रमेश, अमर सिंग, नीलू इत्यादि एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।



### गौरा चौक में बनाई रंगोली

**नवापारा-भेण्डरी।** विजयादशमी के अवसर पर ग्रामीण अंचल के भेण्डरी में बेटियो ने गौरा चौक में आकर्षक रंगोली बनाई। ये रंगोली गायत्री साहू,प्राची देवांगन ने तैयार किया जिसे ग्रामीणों ने काफी सराहा है।

---

## बड़ादेव का पूजन कर नया चावल का लगाया भोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम जरगांव के पडोटी परिवार के द्वारा नवाखाई मिलन समारोह का आयोजन दशहरा के पावन अवसर पर किया गया। जिसमें सभी परिवार जनों के द्वारा बड़ादेव का पूजन अर्चन किया गया। नया चावल का भोग लगाया गया। एक स्थान पर बैठकर भोजन ग्रहण करना एक दूसरे के सुख-दुख तथा अन्य विचार आदान-प्रदान करना अपने आप में एक अनूठा पहल है। सभी ने इष्टदेव की पूजा करते हुए आरती गायन कर चिवड़ा भोग अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किए। इस अवसर पर परिवार के मुखिया शिवदर्शन ध्रुव, नारायण ध्रुव, नरोत्तम ध्रुव, कपिल ध्रुव, भारत ध्रुव, खूबलाल ध्रुव, तिलक राम ध्रुव, बसंत ध्रुव आदि उपस्थित थे।

## शिक्षकों को शॉल, बैग व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

लंबे अंतराल के बाद करीब 22 वर्षों के पश्चात शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडुका के 2000 से 2007 बीच के विद्यार्थियों द्वारा ऐतिहासिक भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भूतपूर्व पदस्थ शिक्षकों को आमंत्रित किया गया जिसमें दिवंगत शिक्षकों के परिवार एवं अन्य कर्मचारियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रवेश द्वार में सभी शिक्षकों का पुष्प वर्षा एवं स्वागत गीत के साथ समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। तत्पश्चात मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। सभी शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों का पुष्प हार एवं चंदन लगाकर स्वागत किया गया एवं सभी शिक्षकों को शॉल, श्रीफल, पेन, डायरी, बैग व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया एवं सभी शिक्षकों द्वारा आशीर्वचन के रूप में उद्बोधन किया गया जिसमें सभी शिक्षक गण एवं विद्यार्थी गण भावुक हो गए कार्यक्रम में शामिल शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा स्मृति के रूप में पौधारोपण किया गया। तत्पश्चात सभी एक साथ मिलकर भोजन एवं कार्यक्रम का आनंद लिया गया। अंतरिम रूप कार्यक्रम में सभी का एक साथ फोटोग्राफी किया गया एवं अतिथि शिक्षक गणों का ससम्मान विदाई किया गया।





## बहेराभाठा में धूमधाम से मनाया गया दशहरा

**छुरा।** ग्राम बहेराभाठा में 12 अक्टूबर को दशहरा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केशरी नोहर ध्रुव जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद, अध्यक्षता पुनारदराम ठाकुर ग्राम पंचायत सरपंच बोडराबांधा, विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पटेल रामप्रसाद ठाकुर, तुलसराम सोरी, रामसिंग जगत, मेहत्तर जगत, आत्माराम जगत, यशवंत ठाकुर, दयाराम नागेश पंच, महेशराम सोरी, हरि राम ठाकुर, हेमलाल ठाकुर, नवयुवक समिति के अध्यक्ष लोकेश कुमार सोरी, देवलाल सोरी, गजेन्द्र कुमार नागेश, भुनेश्वर नागेश, नरेंद्रकुमार सोरी, राजू ठाकुर मंचसीन रहे। सर्वप्रथम मां शारदे के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर आरंम्भ किया गया। रात्रिकालीन गुरु के कृपा छत्तीसगढ़ लोक रंग पंडवानी पार्टी ग्राम बोरीद फिंगेश्वर जिला गरियाबंन्द का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त ग्रामवासी पंडवानी का कार्यक्रम हंसी मजाक से भरपूर आनंद लिया।

---



## भाजयुमो नेता के निवास में पहुंचे संगठन महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गरियाबंद जिला के भाजयुमो नेता रिकेश साहू के राजिम स्थित निवास में संगठन महामंत्री पवन साय पहुंचे। बताया कि राजिम में विजयादशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पथ संचलन में श्री साय मुख्य वक्ता के रूप में आए थे। श्री साय भाजपा कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल हुए उसके बाद भाजयुमो नेता रिकेश साहू के यहां भाजपा नेताओं के साथ संगठनात्मक चर्चा किया। कहा कि राजिम नगर के साथ-साथ जिले में सभी नगरीय निकायों में भाजपा के अध्यक्ष, पार्षद बने इसके लिए नगर के वार्डो में मोदी सरकार और साय सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगो तक पहुंचना चाहिए। इस दौरान विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, गरियाबंद भाजपा सह प्रभारी किशोर महानंद, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू, किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव चंद्राकर, युवा मोर्चा के जितेंद्र पेंडरिया, लोकेश सोनी, मुकेश साहू, ललित साहू मौजूद थे।

## खेल भावना से खेलना चाहिए खेल : साहू

**क्रिकेट प्रतियोगिता में रोहिना विजेता व सरगोड़ उपविजेता रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सूर्या क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में ग्राम रोहिना में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में रोहिना की टीम विजेता रहा तथा सरगोड़ की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में कुल 25 गांव के जाने-माने टीम ने भाग लिया। समापन एवं पुरूस्कार समारोह के मुख्य अतिथि कौंदकेरा शाला विकास समिति के अध्यक्ष ओंकार साहू थे। इस अवसर पर उन्होने पुरूस्कार वितरण करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में शामिल होकर आपने हमारे ग्राम रोहिना का मान बढ़ाया है। खेल चाहे कोई भी हो खिलाड़ी भावना से खेलना चाहिए। विजय और पराजय अपनी जगह ठीक है।



समिति के अध्यक्ष श्री साहू ने उन टीमो के प्रति अपनी सहानुभूति जताते हुए कहा कि जो जीत नहीं पाए है वे निराश न हो बल्कि अपना अभ्यास हमेशा की तरह जारी रखे। जीत एक दिन उनके कदम चुमेगी। कार्यक्रम में सरपंच संघ के अध्यक्ष होमन साहू, जनपद सदस्य होरी साहू, हीरालाल साहू, हरीश टांडे, दुष्यंत साहू, धरम सोनवानी के अलावा आयोजन समिति के भुनेश्वर, दिलकुमार, नेमन, विक्की, भीष्म, राधे, चम्मन, जीतू, बसंत सहित बड़ी संख्या में युवा वर्ग मौजूद थे। बता दें कि तीसरा स्थान पर ग्राम पोड़ के टीम रही। मैच के दौरान खिलाड़ियों में भारी उत्साह और उमंग रहा है।

---

**सेंन्दबाहरा में रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न**

## सांस्कृतिक कला हमारी धरोहर है : रूपनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम सेंन्दबाहरा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकरागनी मरोदा भिलाई का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं वर्तमान जनपद सदस्य नीलकंठ ठाकुर, अध्यक्षता सरपंच नीलकमल नागेश, अति विशेष अतिथि जनपद सदस्य दीपक चन्द्राकर, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्रमिक संगठन मजदूर संघ रुपनाथ बंजारे, सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर, ग्राम पटेल गुहनसिंह नागेश, ग्राम प्रमुख चमारसिंह नागेश, अवध नागेश, रमेश्वर, खामसिंग, घांसीराम, गैंदसिंह, हेमसिंग सदाराम, नन्दलाल आदि मंच आसीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित पूजा अर्चनाकर किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत पीला चावल और बेंच लगाकर एवं श्रीफल गमछा भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नीलकंठ ठाकुर ने कहा कि ऐसा कार्यक्रम होते रहने से संस्कृति को संजोने का काम कर रही है सेंन्दबाहरा के ग्रामवासी आने वाले वर्ष क्षेत्रीय विधायक से चर्चा कर आयोजन करने की बात कही।

जिला अध्यक्ष रूपनाथ बंजारे ने कहा की कला हमारी धरोहर है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर ने कहा की समाज को मनोरंजन के माध्यम से अंकसूत्र में बंभाता है। कार्यक्रम को सफल बनाना के लिया ग्राम के युवा संजय, दलेश्वर, खेदूराम, सुनील, लोमस, थानेश्वर, दुर्गेश, तामेश्वर, लोकेश, प्रमोद, राधेश्याम, लोमस, दलेश्वर नागेश, खेदुराम विश्वकर्मा, किशन नागेश, अनुज नागेश, शाखाराम नागेश, संतोष नागेश, सुनील नागेश एवं जय मां शीतला युवा समिति सेंदबाहरा रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक यशवंत नागेश ने किया।






online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411